# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 09.06.2024

मुख्य समाचारः–

1– एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी ने आज तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

2– मोदी मंत्रिमंडल में आज जो सदस्य शपथ ले रहे हैं उनमें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद तोखन साहू का नाम भी शामिल हैं।

3– रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र में आज हुई सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत।

3– राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अनेक हिस्सों में आज से मानसून पूर्व बारिश शुरू हुई।

नरेन्द्र मोदी–प्रधानमंत्री शपथ

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी ने आज तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्र सरकार के नये मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ले रहे है। समारोह अभी जारी है। ताजा सूचना के अनुसार शपथ लेने वाले प्रमुख नेताओं में शामिल हैं – राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, जगत प्रकाश नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमण और डॉ. एस. जयशंकर।

तोखन साहू–पीएमओ

आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नये मंत्रिमंडल के सदस्य के रूप में जो शपथ ले रहे हैं, उनमें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से नव–निर्वाचित सांसद तोखन साहू भी शामिल है। तोखन साहू का जन्म मुंगेली में हुआ। वे किसान परिवार से आते हैं। श्री साहू ने एम.कॉम तक की शिक्षा ग्रहण की है। तोखन साहू ने पंच के पद से राजनीति की शुरूआत की है। फिर वे जनपद सदस्य और संगठन में भाजपा मंडल महामंत्री बने। वे वर्ष दो हजार तेरह में पहली बार लोरमी विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे। रमन सिंह सरकार में तोखन साहू को संसदीय सचिव भी बनाया गया था। वर्तमान में श्री साहू प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष है। इस लोकसभा चुनाव में तोखन साहू ने कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को एक लाख चौंसठ हजार से अधिक वोटों से हराया है।

तोखन साहू को मोदी मंत्रिमंडल में स्थान मिलने पर आज नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन में भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी।

मुख्यमंत्री–पत्रकारवार्ता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा है कि राज्य सरकार ने मोदी की गारंटी के सभी प्रमुख वादों को प्राथमिकता से पूरा किया है। जिसका बेहतर परिणाम हमें लोकसभा चुनाव में मिला है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने मोदी की गारंटी, भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास किया।

मुख्यमंत्री ने नक्सलवाद के मुद्दे पर कहा कि भाजपा के पिछले शासन काल में पन्द्रह सालों के दौरान राज्य सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी और अब जब फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तो केंद्र–राज्य के समन्वय से नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में और भी तेजी आई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पच्चीस से ज्यादा सुरक्षा कैंप बनाए गए हैं, जिनका उद्देश्य पांच किलोमीटर के दायरे में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री–निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद में हुए हादसे में छत्तीसगढ़ के घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के लिए विधायक प्रबोध मिंज के नेतृत्व में एक टीम गठित कर लखनऊ भेजी गई है। टीम में अन्य विधायकों के साथ आवासीय आयुक्त श्रुति सिंह भी शामिल हैं। हादसे में घायल लोगों को जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद और फिरोजाबाद मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ से धार्मिक यात्रा पर गए श्रद्धालुओं से भरी बस उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर कल पलट गई थी। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, चालीस अन्य लोग घायल हुए हैं।

मुख्यमंत्री–श्रद्धांजलि

आदिवासियों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान क्रांतिकारी जननायक बिरसा मुण्डा की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मुण्डा आदिवासी चेतना के प्रणेताओं में से एक थे। उन्होंने आदिवासियों को एकत्र कर जल, जंगल और जमीन पर अधिकारों के लिए आंदोलन चलाया। श्री साय ने कहा कि आदिवासियों को उनका अधिकार दिलाना और स्वाभिमान की रक्षा करना ही बिरसा मुंडा जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

वहीं, आज छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के पुरोधा स्वर्गीय खुमान साव की भी पुण्यतिथि है, जिन्हें याद करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि खुमान साव ने 'चंदैनी गोंदा' के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोक कला को संवारने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। लोक कला की सेवा के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

दुर्घटना

रायगढ़ जिले में आज हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के गोसाईडीह आंगेकेला मोड़ के पास एक बस ने मोटर सायकल सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक अन्य घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ये तीनों युवक जशपुर से रायगढ़ की ओर जा रहे थे। मृतक तीनों युवक मधुबन गांव के रहने वाले है।

ट्रेन–रद्द

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत मुदरिया स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी के लिए प्री–एनआई और एनआई का कार्य किया जाएगा। इसके कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। बारह से उन्नीस जून तक बिलासपुर–रीवा–बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं, बारह से बीस जून तक बिलासपुर–इंदौर–बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस नहीं चलेगी। इसी तरह, बारह से बीस जून तक बिलासपुर–भोपाल–बिलासपुर एक्सप्रेस का संचालन नहीं होगा।

वहीं, जबलपुर–अम्बिकापुर–जबलपुर एक्सप्रेस, नागपुर–शहडोल–नागपुर एक्सप्रेस, रीवा–चिरमिरी–रीवा एक्सप्रेस, लखनऊ–रायपुर–लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस, सांतरागाछी–जबलपुर–सांतरागाछी एक्सप्रेस, दुर्ग–अजमेर–दुर्ग एक्सप्रेस को भी विभिन्न तिथियों में रद्द किया गया है। इसके अलावा छह पैसेंजर स्पेशल ट्रेनें भी नहीं चलेंगी।

मौसम

प्रदेश के कई स्थानों में आज से मानसून पूर्व की वर्षा शुरू हो गई है। आज राजधानी रायपुर सहित कई इलाकों में दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला और तेज हवा के साथ बारिश हुई। गौरतलब है कि दक्षिण–पश्चिम मानसून कल से प्रदेश के सुकमा जिले में दस्तक दे दी है।

मौसम विभाग के अनुसार कल दस जून को एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है।

तेंदुआ हमला–मौत

कांकेर जिले के नरहरपुर वन परिक्षेत्र के चनार गांव में एक तेंदुए के हमले में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बीती रात कच्चे मकान का दरवाजा तोड़कर ये तेंदुआ पचहत्तर वर्षीय महिला को उठा ले गया था। महिला का शव क्षत–विक्षत हालत में घर से सौ मीटर दूर पहाड़ी पर मिला है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची और इस घटना की जांच शुरू कर दी है।

वन्यजीव संरक्षण–कार्यक्रम

नया रायपुर स्थित जंगल सफारी में गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा पच्चीस मई से आठ जून तक राजनीतिक विज्ञान के छात्रों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को जंगल सफारी के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना और उन्हें वन तथा वन्यजीव संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर शामिल हुए। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी विषयवस्तु को सीखने की जिज्ञासा और उसके लिये की

गई मेहनत ही उसे सफलता की ओर ले जाती है। वहीं, जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने कहा कि यह इंटर्नशिप कार्यक्रम छात्रों के लिए पर्यावरण को देखने के साथ ही वन्यजीव के प्रति भावना को बढ़ाने का काम करेगा।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– कोंडागांव जिले के ग्राम तिमडी में बीती रात माओवादियों ने एक ग्रामीण की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

– राजधानी रायपुर के पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में स्थित रोजगार कार्यालय में कल दस जून को सुबह ग्यारह बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प के माध्यम से पचहत्तर से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।

– बिलासपुर जिले की सरकंडा पुलिस ने करीब अट्ठारह लाख रूपए की ऑनलाईन ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वही, अन्य आरोपी फरार बताए जाते हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से सात लाख बीस हजार रूपए बरामद कर लिया है।

– रायपुर की रेलवे पुलिस ने दो नाबालिग बच्चों को बारह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत दो लाख चालीस हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक ये आरोपी ओड़िशा से गांजा लेकर मध्यप्रदेश के सागर जा रहे थे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>